# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए

■ जनभावना के अनुरूप स्टेडियम के पुनर्विकास की कार्ययोजना के निर्देश दिए

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार सुबह बसंत विहार स्थित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पहुंचे और 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्थानीय नागरिकों व खेलप्रेमियों से संवाद किया और स्टेडियम के जीर्णोद्धार व विकास को लेकर सुझाव भी लिऐं।

बिरला ने कहा कि शएफ़ पेड़ माँ के नाम के संकल्प के साथ इस अभियान को एक जन आंदोलन का रूप देना होगा। यदि हम अपने शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाना चाहते हैं तो स्वच्छता और पौधारोपण हमारी दिनचर्या का हिस्सा बनना चाहिऐं। यही कारण है कि जब भी इस मौसम के दौरान कोटा आता हूं, रोज पौधारोपण मेरी दिनचर्या का हिस्सा होता है।



कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पौधारोपण किया।

बिरला ने कोटा विकास प्राधिकरण, नगर निगम और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनभावना के अनुरूप स्टेडियम परिसर के लिए एक समग्र कार्ययोजना तैयार की जाऐं और तय समय-सीमा में कार्य पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम युवाओं के लिए खेल गतिविधियों का केंद्र है और स्थानीय नागरिकों के लिए एक अहम सार्वजनिक स्थान है, जिसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाना जरूरी है। उन्होंने वॉकिंग ट्रैक, खेल मैदान, बैडमिंटन कोर्ट, पवेलियन, ओपन जिम, जिम्नेजियम, बैठने की व्यवस्था, शौचालय और पेयजल जैसी मौजूदा सुविधाओं का निरीक्षण किया और उनकी सफाई, मरम्मत व सुधार के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने बिरला से क्षेत्र की समस्याएं साझा कीं, जिन पर उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि लोग विकास की प्रक्रिया में सहभागी बनें और अपने सुझाव व मांगें खुलकर रखें। बिरला ने कहा कि खेल और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए शहर में ऐसे सार्वजनिक स्थलों का संरक्षण और सुधार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही विकास को सार्थक दिशा मिलती है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री अनुसुइया गोस्वामी, कोटा नागरिक बैंक के उपाध्यक्ष हेमराज सिंह हाड़ा, पार्षद रेखा गोस्वामी व पी डी गुप्ता, ध्यानचंद स्टेडियम विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, सदस्य जगमोहन गौतम, ब्रजेश शर्मा, रवि ब्रिजवानी, नरेंद्र विजय, सत्यनारायण शर्मा, कृष्ण गोपाल माहेश्वरी, सुरेश काबरा, प्रेमचंद बाटला, प्रदीप गोयल, सत्येंद्र तिवारी, कैलाश गौतम सहित बड़ी संख्या में आमजन, सामाजिक कार्यकर्ता, खेलप्रेमी, जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**कोटा,** (निसं)। पिछले 9 महीने से जिला परिषद की साधारण बैठक नहीं होने के विरोध में जिला परिषद सदस्यों ने गीता मेघवाल के नेतृत्व में नवनियुक्त जिला कलेक्टर पीयूष सांवरिया को बधाई देते हुए ज्ञापन सौंपा है।

जिला परिषद सदस्य गीता मेघवाल ने बताया कि 9 माह से जिला परिषद की साधारण बैठक नहीं होने से गांव में जनता के विकास के कार्य नहीं हो पाए है उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सदस्यों को 2 वर्षों से कोई बजट राशि उनके वार्डो में नहीं दी जा रही है तथा जिला परिषद में तकनीकी अधिकारी नहीं होने से भ्रष्टाचार करके सीधे सरपंचों से मिली भगत करके कार्य उनको दिए जा रहे हैं। इसी के विरोध को लेकर कांग्रेस के सदस्यों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर मांग की है की कांग्रेस सदस्यों के वार्डो में विकास हेतु बजट दिया जाए भेदभाव नहीं किया जाए और 15 दिवस में बजट जारी नहीं किया जाता है तो कांग्रेस के सदस्य सामूहिक रूप से अपना इस्तीफा सौंप देंगे जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रमुख और जिला परिषद सीईओ की होगी। ज्ञापन देने वालों में जिला परिषद सदस्य गीता मेघवाल एडवोकेट, जिला परिषद सदस्य नीलिमा सोनी, उमा सिंघल, अब्दुल सलाम शम्बव वर्मा लेखराज मीणा हेमंत मीणा गिरिराज मीणा विमला नागर सदस्यगण साथ थे।

## सार-समाचार

### हाईटेंशन लाइन का तार टूटा, एक की मौत तीन गंभीर घायल

**झालावाड़,** (निसं)। झालावाड़ के सारंगखेड़ा गांव के मध्य से गुजरती हाईटेंशन लाइन का तार अचानक टूट कर नीचे गिर गया, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। इसके अलावा गांव में कई घरों में विद्युत उपकरण जल गए तथा लोगों को हल्के झटके भी लगे। मौके पर मौजूद पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद भील ने बताया कि सारंगखेड़ा गांव से गुजरती हाई टेंशन लाइन पिछले कुछ दिनों पहले भी टूट कर गिर गई थी, उस वक्त भी ग्रामीणों ने शिकायत की थी लेकिन समाधान नहीं हुआ। बीती रात्रि को भी अचानक हाई टेंशन लाइन का तार टूट कर नीचे गिर गया। ऐसे में पास ही एक घर में रहने वाले नाथूलाल नामक व्यक्ति द्वारा जैसे ही विद्युत बटन बंद करने का प्रयास किया गया तो वह करंट की चपेट में आ गया। नाथूलाल को बचाने के लिए परिवार के अन्य सदस्य भी दौड़े तो वह भी करंट की चपेट में आ गए। ऐसे में नाथूलाल की मौत हो गई, जबकि उसके परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल है, जिनको झालावाड़ के श्री राजेंद्र सार्वजनिक चिकित्सालय में दाखिल कर उपचार करवाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके द्वारा पूरे मामले को लेकर उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया गया, लेकिन बार-बार तार टूटने की समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस समय ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है, तथा वह मांग कर रहे हैं कि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जावे एवं मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाए। वही ग्रामीणों ने आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है।

### चाकूबाजी में एक युवक की मौत

**झालावाड़,** (निसं)। जिले के खानपुर कस्बे में मोबाइल पर हुई कहासुनी के बाद दो बदमाशों ने एक युवक को चाकू घोंपकर मौत के घाट उतार दिया। कस्बे में युवक की हत्या के बाद लोगों में रोष व्याप्त है। पुलिस नामजद आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। खानपुर डिप्टी एसपी अंशु जैन ने बताया कि खानपुर कस्बे के अटरू तिराहे पर पोटू खेड़ी गांव निवासी नरेंद्र मीणा नामक युवक पर दो बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गए। घायल हुए नरेंद्र मीणा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे तथा उसको अस्पताल लेकर जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। डिप्टी एसपी अंशु जैन ने बताया कि घटना के पीछे का मुख्य कारण मृतक एवं आरोपियों के बीच मोबाइल पर कहासुनी होना बताया जा रहा है। जानकारी मिली है कि मृतक नरेंद्र मीणा की मोबाइल पर मनीष राठौर से कहा सुनी हुई थी इसके पश्चात मनीष एवं उसका एक अन्य साथी अटरू तिराहे पर आए और नरेंद्र मीणा को चाकू मार दिए। खानपुर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### चोरी के मोबाइल सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। जीआरपी पुलिस उपअधीक्षक शंकर लाल ने बताया कि 6 जुलाई को फरियादी भोला लाल सैन ने जीआरपी थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि 5 जुलाई को उसके कुछ दोस्तों के साथ मथुरा घुमने गया था और उसी दिन मथुरा से ट्रेन से रवाना होकर 6 जुलाई को कोटा आया। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि जब कोटा के प्लेटफार्म नम्बर दो पर ट्रेन से उतरकर देखा तो उसकी जेब से मोबाईल गायब था जिसको काफी तलाश किया लेकिन मोबाईल नही मिला, जिसको कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस उपअधीक्षक ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मोबाईल चोरी का मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये जीआरपी थानाधिकारी अशोक कुमार सैनी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम ने आरपीएफ पुलिस व मुखबीर की मदद से कार्यवाही करते हुए बिलासरा कंवरपुरा निवासी रघुवीर नागर उर्फ रघु (38) को डिटेन कर थाने लाकर पूछताछ की तो टीम ने आरोपी के पास से चोरी किये गये मोबाईल को दस्तयाब कर चोरी के प्रकरण में गिरफ्तार किया।

### छत पर युवक का शव मिला

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा इलाके में मकान की छत पर एक युवक का शव मिला। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया। गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि गुमानपुरा इलाके के शॉपिंग सेटर में किराये से रहने वाले नवीन गुर्जर (18) मकान की छत पर पड़ा हुआ मिला जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई

■ एक दर्जन से अधिक कॉलोनियां का मार्ग होगा सुगम

**कोटा,** (निसं)। जनता के प्रति ओम बिरला की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता एक बार फिर सामने आई है, जो उनके मजबूत नेतृत्व और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उनके निर्देशों के बाद रायपुरा स्थित एक दर्जन से अधिक कॉलोनियों का आवागमन का रास्ता जो 2 फीट पानी में डूबा हुआ है, वो अब सुगम हो जाएगा। मंगलवार को इन कॉलोनियों की महिलाएं बड़ी संख्या में एकत्र होकर वरिष्ठ भाजपा नेता इन्द्रमल जैन, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश संयोजक इरशाद अली, मंडल प्रभारी बद्री आर्य की अगुवाई में लोकसभा अध्यक्ष बिरला से मिली और उन्हें अपनी परेशानी से अवगत करवाया।

रायपुरा स्थित शुभ सवेरा कॉलोनी के मुख्य द्वार के सामने का मार्ग जो हरि आवास कॉलोनी, गणेश विहार, शिवम एनक्लेव, लक्ष्मी विहार, टैगोर नगर जैसी दर्जनों कॉलोनियों को जोड़ता है, विगत कई वर्षों से अत्यंत जर्जर स्थिति में था। बरसात के मौसम में पानी की निकासी न होने के कारण यहां लगभग दो फीट तक जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिससे स्थानीय निवासियों, राहगीरों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने आमजन की पीड़ा को गम्भीरता से लेते हुए केडीए अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण कर तत्काल समाधान के निर्देश दिए। इस पर केडीए के कनिष्ठ अभियंता ने मौके पर जाकर स्थिति को देखा और बताया कि आगामी 3 दिन में इस मार्ग पर डब्लूबीएम गिट्टी के कुछ डंपर पर डाले जाएंगे, जिससे अस्थायी रूप से जलभराव की समस्या से राहत मिल सकेगी और लोगों को सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा।

साथ ही आने वाले समय में यहां पर सीसी रोड़ निर्माण एवं पानी के निकास की व्यवस्था हेतु प्रस्ताव बनाया जाएगा। स्थानीय निवासी एवं जनप्रतिनिधियों ने इस त्वरित कार्यवाही के लिए लोकसभा अध्यक्ष बिरला का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री हरेंद्र सिंह भदौरिया, ललित महावर, रानी मीणा, तस्लीम, संजू गुर्जर, मीना श्रृंगी सोभा बाई, वैशाली बाई, निशा, चंद्र कला आदि उपस्थित रहे।




कोटा में चिकित्सा क्षेत्र की विशिष्ठ संस्था इनोवेटिव फिजिशियंस फोरम ने अपना राष्ट्रीय अधिवेशन देहली में आयोजित किया। इस अधिवेशन के उद्घाटन समारोह के दौरान समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट एवं विशिष्ट योगदान एवं ऐकडेमिक उपलब्धियों के लिए कोटा के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ.गिरीश माथुर एवं डॉ.के.के. पारीक को लाईफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। यह सम्मान देश के केवल पाँच चिकित्सकों को प्रदान किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा के दोनों चिकित्सकों को बधाई देते हुए इसे कोटा की उपलब्धि बताया। डॉक्टर के.के. पारीक एवं डॉ गिरीश माथुर फिजिशियंस की राष्ट्रीय संस्था एसोसिएशन ऑफ़ फिजिशियंस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। इनोवेटिव फिजिशियंस फोरम के अधिवेशन में चिकित्सा विज्ञान के शैक्षणिक सत्र के दौरान चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न ज्वलंत विषयों पर गहन चर्चा की गई। इस अधिवेशन के दौरान रॉयल कॉलेज ऑफ़ फिजिशियंस एडिनबर्ग, इंग्लैंड का कन्वोकेशन भी आयोजित किया गया जिसमें रॉयल कॉलेज ऑफ़ फिजिशियंस की फेलोशिप प्रदान की गई।

## सार-समाचार

### कोटा जिला सहकारी संस्था के बोर्ड की बैठक

**कोटा,** (निसं)। कोटा जिला सहकारी संस्था लिमिटेड, कोटा के संचालक मंडल (कार्यकारिणी) की बैठक मंगलवार को प्रधानकार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र खंडेलवाल ने की। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष तेजपाल सिंह, संचालक सदस्यएवं उपभोक्ता भण्डार अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला, भाजपा देहात जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर, महिप सिंह सोलंकी, दिशा गुप्ता, मंजू बिरला, संजय बिरला, रामदयाल शाक्यवाल तथा रतेश अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक में संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण विजय ने बताया कि बोर्ड बैठक में सभी नव-निर्वाचित डायरेक्टर्स का अभिनन्दन कर तत्पश्चात एजेंडा अनुसार कार्यवाही सम्पन्न की गई। उपभोक्ता भंडार चेयरमेन हरिकृष्ण बिरला ने सहकारी संस्था की आमदनी बढ़ाने और कार्यक्षेत्र में सहकारी समितियों व विभागीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में संस्था का वर्ष 2025-26 का बजट भी पारित किया गया।

### युवक ने आत्महत्या की

**कोटा,** (निसं)। नान्ता थाना इलाके में एक युवक ने घर में अज्ञात जहरीला पदार्थ खाकर सुसाईड कर लिया। जानकारी के अनुसार नान्ता इलाके के भेरूजी मंदिर के समीप निवासी मुकेश ने घर में कोई अज्ञात जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसे परिजन उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल लेकर पहुंचे। एमबीएस अस्पताल में भर्ती युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मंगलवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। नान्ता थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि इलाके के भैरू जी मंदिर के समीप निवासी मुकेश (35) ने घर में अज्ञात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसे परिजनो ने उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। जहां युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि युवक ने किन कारणों के चलते यह कदम उठाया अभी कोई कारण सामने नही आया है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### परिवार में परंपरा बन रहा है नेत्रदान

**कोटा,** (निसं)। सोमवार लखोटियों की गली, धाबाईयों का चौक, बूंदी निवासी भगवान लाठी का आकस्मिक निधन हुआ। विनम्र स्वभाव, सदाचारी और धर्म कर्म में आस्था रखने वाले भगवान ने न सिर्फ अपना नाम सार्थक किया, बल्कि अपना जन्म भी नेत्रदान के माध्यम से सफल बनाया। भगवान लाठी शहर के कई सामाजिक संगठनों में सक्रिय थे, परिवार में आयी विपरित परिस्थितियों का उन्होंने दृढ़ता और आत्मबल से मुकाबला किया। संस्था के ज्योति मित्र संजय लाठी ने बताया कि भगवान लाठी के निधन होने पर उनकी पत्नी रमा, बेटे प्रशांत और गौरव ने तुरंत ही ने नेत्रदान के लिए सहमति दे दी। सहमति प्राप्त होते ही, कोटा से शाईन इंडिया फाउंडेशन की टीम बूंदी के लिए रवाना हुई और निवास स्थान पर ही नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न हुई। ज्ञात हो कि, काफी समय पहले इनके बड़े भाई स्व.गणेश दत्त लाठी का भी नेत्रदान परिवार की ओर से संपन्न कराया गया था। ईबीएसआर के बीबीजे चैप्टर कॉ-ऑर्डिनेटर डॉ. कुलवंत गौड़ ने बताया कि, बूंदी जिले में अभी तक 76 दिवंगतो के नेत्रदान शाईन इंडिया फाउंडेशन के माध्यम से प्राप्त हुए हैं।

### कार की चपेट से दंपति की मौत

**कोटा,** (निसं)। दबलाना थाना इलाके में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाईक सवार दंपति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजलावता गांव निवासी दिनेश रैगर (32) अपनी पत्नी गीता बाई (30) को कोटा में डॉक्टर को दिखाने के लिये बाईक से गांव से कोटा आया था और कोटा से गांव वापस जाते समय कोटड़ा गांव के समीप एक तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन को चलाते हुए बाईक सवार दंपति को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में दिनेश व उसकी पत्नी गीता बाई दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे में गंभीर रूप से घायल दिनेश की बूंदी एवं उसकी पत्नी गीता बाई की कोटा में मौत हो गई। वहीं सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शिविर का समापन

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने बताया कि नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के दो दिवसीय शिविर का नांता चौराहा सकतपुरा पर समापन हुआ।

शिविर में 76 पात्र आवेदकों के आवेदन मौके पर ही जांच उपरांत संबंधित बैंको को भिजवा दिए गए है। योजना के प्रबंधक संदीप जोशी ने बताया कि योजना के तहत अगला शिविर 9 जुलाई से 10 जुलाई के बोरखेड़ा सब्जीमंडी के सामने सुबह 10:30 बजे से सांय 05:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

योजना मे लाभान्वित होने के लिए आवेदक को अपने साथ जन आधार, आधार, राशन कार्ड, वोटर कार्ड, बैंक पास बुक, ई-श्रम कार्ड, मजदूरी कार्ड या व्यवसाय से संबंधित दस्तावेज लेकर शिविर में पहुंचना होगा।

# सावन माह में कोटा शहर में निकलेंगी कई स्थानों से कांवड यात्रा

■ सुरक्षा की मांग को लेकर कांवडिया सेना संगठन राजस्थान ने आईजी को ज्ञापन दिया

**कोटा,** (निसं)। सावन मास प्रारंभ होने जा रहा है, विभिन्न ज्योतिलिंर्गो से पवित्र जल लेकर हाड़ौती क्षेत्र के अलग-अलग रास्तों से कावड़ यात्रा निकलेगी, इन कांवड यात्रा में कोटा शहर और आसपास के हजारों लाखों लोग शामिल होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोकी नाथजी महाराज एवं राजस्थान प्रभारी राजपाल सिंह जायसवाल के दिशा निर्देशन में देशभर में ज्ञापन दिए जा रहे हैं उसी के तहत कांवडिया सेवा संगठन राजस्थान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास मेवाड़ा ने बताया कि सावन माह में निकलने वाली कावड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो, यातायात नियंत्रित रहे जिससे कावड़ यात्रा मार्ग में यात्रियों को कोई परेशानी नहीं हो, तथा समुदाय विशेष के क्षेत्र से निकलने पर उनको किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हो इस बात को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था माकूल की जाए।

विकास मेवाड़ा ने बताया कि कोटा शहर के साथ ग्रामीण आंचल में भी कांवडियों की सुरक्षा की जाए और कांवड यात्रा में कोई व्यवधान नहीं हो इसकी व्यवस्था की जाए। इस दौरान आईजी रविदत्त गौड़ ने विश्वास दिलाया कि सभी जगह सुरक्षा जाप्ता तैनात किया जाएगा और कांवडियों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर चेतन माहुर, रिकी मेवाड़ा, सचिन शर्मा, जितेंद्र पारेता, डॉ.आशीष शर्मा, सब इंस्पेक्टर हरिशंकर माहौर, लक्की पारेता, राहुल पारेता मिजार्पुर, अजय कुमार, एवं अन्य की कावड़ सेवा के पदाधिकारी मौजूद थे।

# घायल हिरण का उपचार कर जंगल में छोड़ा

**छबड़ा** (निसं)। शंकर कॉलोनी गांव के माल में ग्रामीणों ने घायल हिरण को पकड़ कर वन विभाग की टीम को सुपुर्द किया। इस पर टीम ने हिरण का उपचार कर जंगल में छोड़ दिया।

क्षेत्रीय वन अधिकारी भारत राठौड ने बताया कि बरसात के समय खेतों में पानी भर गया है। जिससे खेत मे अचानक हिरण आ गया और उसके पैर मिट्टी में फंस गए। हिरण को देख कुछ कुत्ते यहां आ आए और कुत्तों ने हिरण को काटकर घायल कर दिया। जिससे हिरण चलने में असमर्थ होने हो वहीं गिर गया।

**नाम परिवर्तन**

मै गोविन्द शर्मा पुत्र राम सुख शर्मा, निवासी: 8-बी-49 महावीर नगर तृतीय, कोटा, मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम गोविन्द (GOVIND) दर्ज है जो गलत है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों मे सही नाम गोविन्द शर्मा (GOVIND SHARMA) दर्ज है। भविष्य मे मुझे गोविन्द शर्मा (GOVIND SHARMA) नाम से पहचाना जाये।

# चाकूबाजी का मुख्य आरोपी सहित सह आरोपी गिरफ्तार, एक नाबालिग निरूद्ध

**कोटा,** (निसं)। रेलवे कॉलोनी थाना इलाके के तुल्लापुरा में हुए जानलेवा हमले के प्रकरण में पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी सहित सह-आरोपी को गिरफ्तार किया है, साथ ही टीम ने एक नाबालिग को निरूद्ध किया।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि 6 जुलाई को फरियादी ने रेलवे कॉलोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उसको उसके भाई सुरज सिंह ने फोन पर उससे कहा कि नन्नू चाचा की दरगाह के समीप विनोद उर्फ प्रमोद, दीपक उर्फ दीपू, कृष्णा, जतिन व समीर मारपीट कर रहे है।

फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि जब वह अन्य के साथ मौके पर पहुंचा तो प्रमोद ने चाकू से उसके भाई सूरज के बायें हाथ पर व पेट की बायीं तरफ हमला कर दिया। रिपोर्ट में कहा कि पुरानी रंजिश के चलते उसके भाई पर हमला किया गया।

रिपोर्ट में कहा कि मौके पर हल्ला सुनकर अन्य लोगो के पहुंचने पर हमलावर मौके से फरार हो गये। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियो की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक गंगा सहाय शर्मा के सुपरविजन मे रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।



चाकू से जानलेवा हमला करने के मुख्य आरोपी सहित सहआरोपी को गिरफ्त में लिया।

शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने घटना के कुछ घंटो में ही मुखबीर व तकनीकी सहायता से आरोपियों का पीछा करते हुए मेहन्दीवास टोल प्लाजा टोंक के पास से आरोपी सोगरिया निवासी विनोद उर्फ प्रमोद (23) एवं सहआरोपी रेलवे कॉलोनी निवासी जतिन मुनिया (19) को डिटेन कर थाने लाकर पूछताछ की पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों को जानलेवा हमले के मामले में गिरफ्तार किया। टीम ने एक नाबालिग को भी निरूद्ध किया है। पकड़े गये दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर सौंपा गया। मामले में अनुसंधान जारी है।

**कार्यालय नगर निगम, (कोटा उत्तर) (राज.)**

क्रमांक :– ननिको(उ)/निर्माण/2025/4078–91 दिनांक : 04.07.2025

**–: ई–निविदा सूचना :–**

नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा विभिन्न राजकीय अभियांत्रिकी विभागों के पंजीकृत "A", "AA" श्रेणी एंव नगर निगम कोटा उत्तर में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता हैं कि नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा कुल 09 कार्य हेतु ई–निविदा सूचना संख्या–09/2025–26 से सम्बन्धित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत,निविदा बैचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम कोटा उत्तर की वेबसाइट www.kotamc.org, http/eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB No. DLB2526A3225

UBN No.
1. DLB2526WSRC10094
2. DLB2526WSRC10098
3. DLB2526WSRC10106
4. DLB2526WSRC10108
5. DLB2526WSRC10114
6. DLB2526WSRC10117
7. DLB2526WSRC10119
8. DLB2526WSRC10120
9. DLB2526WSRC10122

राज.संवाद/सी/25/5715 अधीक्षण अभियन्ता

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/702 **विज्ञप्ति** दिनांक 8.7.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम नान्ता में स्थित कृषि भूमि योजना श्रीनाथ रेजीडेन्सी ब्लॉक-बी भूखण्ड संख्या बी-31 आवेदक/आवेदिका श्री दिनेश कुमार राठौर पुत्र स्व.श्री जगमोहन राठौर निवासी 814 महावीर नगर द्वितीय कोटा राज. द्वारा ऑन लाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 824 दिनांक 31/07/2013 को श्रीनाथ ड्रीम रियलकॉन प्राइवेट लिमिटेड जर्ये निदेशक सुरेश चौधरी के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 02/06/2016 को जगमोहन राठोर पुत्र श्री देवी शंकर राठोर को किया गया। क्रेता जगमोहन राठोर मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 01/04/2025 को हो चुकी है। मृतक जगमोहन राठौर के विधिक वारिसान पत्नि सुलोचना राठौर, पुत्र दिनेश कुमार राठौर, भुवनेश कुमार राठौर, पुत्री दमयन्ती राठौर, परमिला राठौर है। वारिसान सुलोचना राठौर, भुवनेश कुमार राठौर, दमयन्ती राठौर, परमिला राठौर द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 26/05/2025 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री दिनेश कुमार राठौर पुत्र स्व. श्री जगमोहन राठौर के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण ( राज. )**

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/4708 दिनांक: 8.7.25

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री श्याम सुन्दर जोशी पुत्र श्री मदन मोहन जोशी निवासी-137 LIGH शास्त्री नगर दादाबाड़ी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण भूखंड संख्या-137 LIGH शास्त्री नगर दादाबाड़ी कोटा (राज.) नगर निगम कोटा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। भूखंड संख्या-137 LIGH शास्त्री नगर दादाबाड़ी क्षेत्रफल-1800 वर्गफुट का कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल योजना कोटा द्वारा पत्र क्रमांक : एफ1(3)क.म./विकास/60/692 दिनांक 16.01.1961 से श्री मदन मोहन पुत्र श्री राम नारायण को किया गया है। श्री मदन मोहन पुत्र श्री राम नारायण की मृत्यु दिनांक 08.03.1990 को हो चुकी है एवं श्रीमती रामप्यारी पत्नी स्व. श्री मदन मोहन जोशी की मृत्यु दिनांक 28.02.2005 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत उनके शेष विधिक वारिसान श्री चन्द्र प्रकाश जोशी पुत्र स्व. श्री मदन मोहन जोशी एवं श्रीमती विमला व्यास पुत्री स्व. श्री मदन मोहन जोशी ने अपना हक पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 06.10.2024 श्री श्याम सुन्दर जोशी पुत्र श्री मदन मोहन जोशी के पक्ष में त्याग दिया है। श्री श्याम सुन्दर जोशी पुत्र श्री मदन मोहन जोशी के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण